-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 04.11.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **बांदा पुलिस द्वारा यातायात सुरक्षा जागरूकता अभियान माह नवम्बर का किया गया शुभारम्भ । पूरे नवम्बर माह तक चलेगा जागरुकता अभियान ।**
- **श्रीमान मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा रायफल क्लब अलीगंज बांदा से अभियान का किया गया शुभारम्भ साथ ही फीता काटकर हरी झण्डी दिखाते हुए यातायात सुरक्षा जागरुकता रैली को किया गया रवाना ।**
- **सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने हेतु लोगों को विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों तथा जागरुकता रैली आदि के माध्यम से यातायात नियमों के पालन करने हेतु किया जायेगा जागरुक ।**

विवरण- शासन के मंशा के अनुरुप सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने तथा लोगों में यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज दिनांक 04.11.2024 को जनपद बांदा में **"यातायात सुरक्षा जागरकता माह नवम्बर-2024"** को शुभारम्भ किया गया । इस दौरान रायफल क्लब अलीगंज बांदा से श्रीमान मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा श्री बालकृष्ण त्रिपाठी व श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री अजय कुमार सिंह द्वारा यातायात माह नवम्बर का शुभारम्भ किया गया । इस दौरान जिलाधिकारी बांदा श्री नागेन्द्र प्रताप व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में सभी सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर व्यापक जागरुकता अभियान चलाया जायेगा । जागरुकता अभियान के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया जायेगा जिसमें बिना ड्राइविंग लाइसेन्स के वाहन न चलाने, बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाने, ओवर स्पीड में वाहन न चलाने, शराब पीकर वाहन न चलाने तथा अपनी लेन में चलने आदि के संबंध में जागरुक किया जायेगा । कार्यक्रम में बिना हेलमेट लगाये दोपहिया वाहन चालकों को 101 हेलमेट वितरित किये गये साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं एवं स्काउट कैडेट्स की यातायात जागरुकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया जिसमें नगर पालिका इण्टर कॉलेज, आदर्श बजरंग इण्टर कॉलेज, डीएवी इण्टर कॉलेज और खानकाह इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया । अधिकारियों द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि जनपद में आये दिन सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की दुखद मृत्यु हो जाती है ऐसे में हम सबको साथ मिलकर यातायात नियमों का पालन करते हुए सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करना होगा । लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया जायेगा यदि फिर भी लोग यातायात नियमों का पालन नहीं करते तो उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री शंकर जी तथा क्षेत्राधिकारीगण आदि उपस्थित रहे ।